कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 09.01.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

राष्ट्रीय एकता शिविर ग्वालियर में चंचल यादव का प्रतिनिधित्व

शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्रा कु0 चंचल यादव, बी0 कॉम0 अंतिम वर्ष ने भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल द्वारा लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर (म0प्र0) में 21 से 27 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग का प्रतिनिधित्व किया।

शिविर का उद्देश्य था 'मेरा युवा विकसित भारत@2024 एवं सशक्त भारत–समृद्ध भारत'। शिविर में छात्राओं को बौद्धिक परिचर्चा, विभिन्न जागरूकता अभियान, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सौहाद्र, योगा, पी0 टी0 एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संबंध में विद्वानों द्वारा जानकारी दी गई। कु0 चंचल यादव ने समस्त गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया एवं छत्तीसगढ़ की संस्कृति को कार्यक्रमों के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्रभारी प्राचार्य डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा एक मात्र छात्रा का राष्ट्रीय एकता शिविर, ग्वालियर में चयन होना हमारे महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है। डॉ0 सुषमा यादव, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, डॉ0 मुक्ता बाखला, डॉ0 मोनिया राकेश, डॉ0 अनुजा चौहान, श्रीमती ज्योति भरणे ने छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं देते हुए बधाई दी है।

टीप– समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ0 डी0 सी0 अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

राष्ट्रीय एकता शिविर ग्वालियर में चंचल यादव का प्रतिनिधित्व